आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के परिणाम को लेकर उठे विवादों पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान परीक्षा कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट में ग्रेस मार्क्स वाले छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया है। एजेंसी के अनुसार ऐसे पन्द्रह सौ तिरसठ छात्रों की परीक्षा तेइस जून को होगी और इसका परिणाम भी जून में ही जारी कर दिया जाएगा। उधर सुप्रीम कोर्ट ने मामले से जुडे याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि छात्रों को डरने की जरूरत नही है। पूरी तरह से परीक्षा को रद्द कर देना अभी उचित तरीका नही है। कोर्ट ने कहा कि नीट की काउंसलिंग पर रोक नही लगायी जाएगी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी दौरा अट्ठारह जून को प्रस्तावित है। इस दौरे के दौरान श्री मोदी अपने संसदीय क्षेत्र से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त भी जारी करेगें। सत्रहवीं किस्त में देश के नौ दशमलव तीन करोड़ किसानों के बैंक खातों में करीब बीस हजार करोड़ रूपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इसके लिए राजा तालाब के मेंहदीगंज में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जहां प्रधानमंत्री पांच किसानों को अपने हाथों से सम्मानित करेंगे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर कल शाम मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा और पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने मेंहदीगंज पुहंच कर तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिये।

****

प्रदेश सरकार ने आगामी इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्य रूप से मनाने के लिए व्यापक दिशा निर्देश जारी किए है। योग दिवस पर प्राचीन, सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक स्थलों, नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे, अमृत सरोवरों, पुलिस थानों, विद्यालयों और चिकित्सालयों में योगाभ्यास कराया जाएगा। योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पन्द्रह जून से इक्कीस जून तक प्रत्येक जिले में योग सप्ताह का आयोजन भी किया जाएगा। इस बीच आज वाराणसी सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में कुलपति बिहारीलाल शर्मा ने शिक्षकों, कर्मचारियों व अन्य लोगों को योग अपनाने की शपथ दिलाई।

****

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं की शैक्षणिक सत्र दो हजार तेईस–चौबीस के लिये कम्पार्टमेंट परीक्षा की तिथियां जारी कर दी हैं। इसके अन्तर्गत दसवीं की परीक्षायें पन्द्रह से बाइस जुलाई तक और बारहवीं की परीक्षायें पन्द्रह जुलाई को आयोजित की जायेगी।

****

राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिये परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पन्द्रह जून से शुरू होगी। अध्यापक प्रेरणा वेब पोर्टल की मदद से दस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिये बनायी गयी प्रत्येक जिले की जिला चयन समिति दो–दो श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन करेगी, फिर राज्य स्तरीय चयन समिति इसमें से एक–एक सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को पुरस्कार के लिये चयनित करेगी।

****

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसके तहत भारतीय न्याय संहिता–2023 में महिलाओं और बाल तस्करी के लिए पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोंण अपनाया गया है। इस संहिता के अंतर्गत वेश्यावृत्ति के लिए बच्चे को खरीदने के मामले में बढ़ी हुई सजा का प्रावधान किया गया है जिसमें न्यूनतम सात साल की अनिवार्य सजा है जिसे चौदह साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही इस संहिता में मानव तस्करी के उद्देश्य से शोषण अभिव्यक्ति में भिक्षावृत्ति को भी जोड़ा गया है।

****

गोरखपुर से आजमगढ़ तक इक्यानबे किलोमीटर तक की लंबाई वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे का निर्माण कार्य जून माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस–वे इन्डस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, यूपीपीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी सूचना के अनुसार दस जून तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे का सत्तानबे प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस एक्सप्रेस–वे से गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर और आजमगढ़ जिलें सीधे तौर पर लाभान्वित होगें। आजमगढ़ में यह एक्सप्रेस–वे पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से जुड़ जाएगा।

****

पर्यटकों की उमड़ती भीड़ को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व और लखीमपुर खीरी जिले में स्थित दुधवा नेशनल पार्क का पर्यटन सत्र पच्चीस जून तक के लिये बढ़ा दिया गया है। पहले पर्यटन सत्र पन्द्रह जून को समाप्त होना था।

****

वाराणसी में श्रद्धालुओं को बाबा विश्वनाथ की पांच आरतियों का दर्शन थ्री डी माध्यम से कराया जाएगा। इससे एक ही स्थान पर बैठक कर श्रद्धालु आरती के साथ बाबा विश्वनाथ के दर्शन भी कर सकेगें। इसे लेकर मंदिर परिसर में ट्रायल शुरू कर दिया गया है।

****

पूरा प्रदेश पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। आज भी प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान चौवालीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पिछले चौबीस घंटो के दौरान दिन के साथ ही रात के तापमान में भी वृद्धि हुई है। गोरखपुर और वाराणसी मंडल में रात का तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया है। इस बीच लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले चार दिनों तक प्रदेश के सभी हिस्सों में तापमान में गिरावट का अनुमान नही है। चार दिन बाद तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी।

****